## खबर संक्षेप

### फरार आरोपी धराया

**जुन्नारदेव।** जुन्नारदेव पुलिस द्वारा बुधवार को एक फरार वारंटी को जो नागदेव क्षेत्र से ही पकड़ा गया जहां से उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है जुन्नारदेव थाना प्रभारी राकेश बघेल से मिली जानकारी अनुसार जुन्नारदेव थाने से विभिन्न धाराएं 406 420 422 120 बी के फरार आरोपी कादीर सिद्दीकी पिता परवेज सिद्दीकी जुन्नारदेव जिला छिंदवाड़ा को जुन्नारदेव पुलिस द्वारा बुधवार शाम को ग्राफ्ट में लिया गया जहां से उसे गुरुवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया कार्यवाही में प्रधान आरक्षक डोंगरे, पूनम उईके एवं आरक्षक राम अवतार तिवारी की विशेष भूमिका रही। गौरतलब हो कि लगभग एक वर्ष से यह आरोपी फरार चल रहा था जिसकी तलाश जुन्नारदेव पुलिस को थी पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए आरोपी को धर दबोचा है।

### पूर्व विधायक की पहल पर होगा कुंडा हाई स्कूल का उन्नयन



**चौरई।** क्षेत्र के ग्राम कुंडा स्थित हाईस्कूल का उन्नयन कर हायर सेकेंडरी स्कूल किए जाने की मांग लंबे समय से हो रही है इसी क्रम में पूर्व विधायक श्री दुबे ने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी को पत्र ( क्र. 16/निज सहा.2024 दिनांक 14 फरवरी 2024 ) सौंपकर कुंडा हाई स्कूल का उन्नयन हायर सेकेंडरी स्कूल में किए जाने के लिए मांग रखी थी जिसके बाद मुख्यमंत्री श्री यादव जी के आदेश पर मप्र शासन के शिक्षा मंत्रालय की ओर से लोक शिक्षण आयुक्त को आदेश भेजकर उन्नयन संबंधी कार्यवाही जल्द पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया है अब जल्द ही हाईस्कूल कुंडा का उन्नयन हायर सेकेंडरी स्कूल में हो सकेगा इससे छात्र छात्राओं को सुविधा मिलेगी।

### उरधन कोयला खदान का है मामला

# टारगेट बाधित करने अड़ंगे लगा रहा प्रबंधक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया




पेंच कोयला क्षेत्र की उरधन ओपन कास्ट कोयला खदान में प्रबंधक और ठेकेदारों के बीच कुछ भी ठीक - ठाक नहीं चल रहा है। जिसका दुष्प्रभाव खदान में कोयला उत्पादन पर पड़. रहा है, लेकिन इससे वेकोलि प्रबंधन के उच्च अधिकारियों को कोई लेना देना नहीं है। वर्तमान में खदान में काम कर रही ठेका कंपनी के जिम्मेदार लोगों ने खदान प्रबंधन पर ओबी और कोयला उत्पादन के टारगेट को बाधित करने की नीयत से अड़ंगे लगाने का आरोप लगाया है।गौरतलब है, कि गुरुवार को उरधन कोयला खदान प्रबंधक और स्टार एक्स कंपनी के सुपरवाइजर और मैनेजर के साथ विवाद और विवाद के बाद प्रबंधक को मार देने की सूचना मिली। इस मामले में प्रबंधक और ठेकेदार के लोगों द्वारा शिवपुरी थाने में रिपोर्ट भी लिखाई गई। इस मामले में जो कारण सामने आया है उसमें दोनों ही पक्ष खुद को सही बता रहे हैं।दरअसल उरधन कोयला खदान में स्टार एक्स कंपनी को उसका पिछला टारगेट पूरा करने के लिए 27 मार्च 2024 को वेकोलि प्रबंधन की ओर से एक्सटेंशन दिया गया। जिसके अनुसार उन्हें प्रतिदिन खदान से 9 000 टन ओबी निकालना है और उसके बाद फिर कोयला भी निकाल कर देना है। स्टार एक्स कंपनी के प्रबंधक इंद्रपाल सिंह और अंकुर शर्मा ने बताया, कि खदान प्रबंधन के द्वारा कई महीनों से लगातार उन्हें काम करने नहीं दिया जा रहा। कई तरह की बंदिशे से लगाकर उनके कार्य को प्रभावित किया जा रहा है।


उन्होंने बताया कि प्रबंधक हमेशा ब्लास्टिंग करने में लेट लतीफी करते हैं। कई बार ऐसी ब्लास्टिंग करते हैं जिससे बड़ी - बड़ी चट्टाने बाहर आ जाती है और हमें इन चट्टानों को हटाने में लंबा समय लगता है। जिससे हमारा जो टारगेट है वह बाधित होता है। इसके अलावा भी अन्य कई तरीके से टारगेट को बाधित करने के लिए प्रबंधक की ओर से अड़ंगे लगाए जाते हैं। उन्होंने बताया, कि इन सब मामलों की जानकारी कई बार सी एम डी विजिलेंस आदि को की जा चुकी है। बावजूद इसके प्रबंधक की मनमानी को रोका नहीं जा रहा है।

#### लेबरों तक नहीं पहुंचने दी जा रही आवश्यक वस्तुएँ

स्टार एक्स कंपनी के मैनेजर ने बताया, कि प्रबंधक द्वारा उन्हें खदान के अंदर नहीं घुसने दिए जा रहा। वहीं खदान के अंदर उनके जो मजदूर काम कर रहे हैं उनके लिए अत्यावश्यक वस्तुएं भी नहीं पहचाने दी जा रही हैं। उन्होंने यह भी बताया, कि उनके कई मजदूर बीमार भी है जिनके लिए नियमित रूप से दवाइयां भी पहुंचानी पड़ती है, चाय नाश्ता और भोजन की व्यवस्था भी खदान के अंदर पहुंचना पड़ता है, किंतु प्रबंधक और उनके लोगों द्वारा हमारी गाड़ियों को अंदर नहीं घुसने दिया जा रहा है।

### पांढुर्णा पुलिस अधिकारियों ने किया ग्राम में पहुंचकर निरीक्षण

# पंधराखेड़ी में चोरों ने किया नगद, जेवरों पर हाथ साफ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

मोहगांव थाना के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंधराखेड़ी मे 2 दिन से लगातार चोरी की घटनाएं घटित हो रही है। ग्राम में हो रही चोरी की घटना को लेकर ग्रामवासी परेशान है।पुलिस चोरों का पता लगाने में ग्रामीण क्षेत्रों में सर्चिंग एवं पूछताछ कर रही है।पधराखेड़ी क्षेत्र में दो दिनों से लगातारचोरों ने चार मोटर पंप ओर ट्रैक्टर से डीजल चोरी किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात को ग्राम पधराखेड़ी में बड़ी घटना घटित हुई है।जिसमे एक घर मे रात एक घर में चोरी हो गई हे। आवेदक विश्वास पराडकर के मुताबिक इस चोरी की वारदात में चोरों ने घर में रखे 1 लाख रुपए नगद राशि और लगभग 3 लाख रुपए के सोने के आभूषण और अन्य कीमती सामग्री पर हाथ सफाई की है। जानकारी मिलने पर पांढुर्णा पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी, एएसपी नीरज सोनी, मोहगांव, सौंसर और पांढुर्णा पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल करते हुए चोरों को पकड़ने के लिए सर्चिंग की जा रही है। लगातार हो रही चोरी को लेकर अब ग्रामीणों के द्वारा भी रात्रि में ग्रस्त बनाने और पुलिस प्रशासन के द्वारा चोरों को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग की जा रही है।

# आंधी-तूफान से बिजली गुल, ग्रामीण परेशान

### ओलावृष्टि के कारण फसलें हुई खराब, बिजली पोल आ गए जमीन पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



इन दिनों में मौसम हो रही बारिश के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में किसने की फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। शनिवार को ग्रामीण क्षेत्रों में हुई बारिश के कारण भी मोहगांव क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कई ग्रामों की फैसले खराब होने की जानकारी प्राप्त हुई है। किशन सुदामा मानमोड़े ने बताया कि दोपहर में हुई बारिश के साथ गिरे ओले से किसानों की फसल मूंग तिल जवाहर फल्लीआदि फसलों को भारी नुकसान हुआ है। आवले के साइज के ओले गिरने से फसली सो गई है। साथ ही तेज हवा से पेड़ और बिजली के पोल भी जमीन पर धराशाई हो गए है। बिजली के पल जमीन पर धराशाई होने के चलते ग्रामीण क्षेत्र की बिजली सप्लाई बंद हो गई है। लगभग एक दर्जन से अधिक ग्रामो को जब तक विद्युत व्यवस्था शुरू नहीं हो जाती तब तक अंधेरे में रहना पड़ेगा। बिजली के पोल गिरने से जिन गांवों में बिजली की समस्या उत्पन्न हुई है उनमें ग्राम भुम्मा मुंगनापर, नदेवानी, सरकीखापा, जोबंनडेरा, मराम, देवली, चिकली, जामलापानी आदि गांव का समावेश है। ग्रामीणों के द्वारा मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी ओर प्रशासन से क्षतिग्रस्त फसलों का जल से जल निरीक्षण करने और बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से शुरू करने की मांग की है।

# बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर जिले की तस्वीर बदली जा सकती है: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



म.प्र.स्कूल शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिन्दवाड़ा में आयोजित तीन दिवसीय पुस्तक एवं गणवेश मेले का शुभारंभ कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर एवं रिबन काटकर किया। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने अपने विचार रखे और महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के प्रांगण में लगे बुक स्टॉल का निरीक्षण भी किया तथा विक्रेता, क्रेता से भी दामों के बारे मे पूछा। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री राहुल पटेल, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल, डीपीसी श्री जगदीश इड़पाचे सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी, शासकीय, अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य, संचालक व पत्रकारगण, विक्रेतागण एवं अभिभावक तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री सिंह द्वारा अभिभावकों, शिक्षकों से अपील की गई कि छिन्दवाड़ा जिले के छात्रों को ऐसी शिक्षा दी जाए कि वे छिन्दवाड़ा जिले का प्रदेश तथा देश में नाम रोशन कर सके। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर छिन्दवाड़ा जिले की तस्वीर बदली जा सकती है। बच्चों को आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर, इंजीनियर बनाने के अलावा अन्य किसी भी क्षेत्र में जिसमें बच्चे की रूचि हो उस रूचि के अनुसार यदि उन्हें शिक्षक एवं अभिभावक द्वारा उचित मार्गदर्शन दिया जाये तो उनके जीवन में बदलाव किया जा सकता है और वे सफलता की सीढ़ी चढकर आगे बढ़ सकता हैं।

## 94 प्रकरणों का हुआ नेशनल लोक अदालत में निपटारा

**सौंसर।** शनिवार को सौसर न्यायालय में लोक अदालत का प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार शर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, छिन्दवाड़ा के मार्गदर्शन एवं जिला न्यायाधीश विवेक कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजन किया गया। लोक अदालत के



दौरान पक्षकारों द्वारा अपनी इच्छा अनुसार समझौता कर लोक अदालत के माध्यम से अपने प्रकरण समाप्त किए है। सौसर न्यायाधीश सचिन जैन के खंडपीठ में ऐसे ही चेक के अनादरण का मामला सेंट्रल बैंक ऑफ़ मोहगांव एवं किशन उईके के मध्य समझौता हुआ समझौते हुआ है। जिसमे अहम भूमिका एड रविशंकर धुर्वे, दिनेश भकने, अमोल जयसवाल एवं सूर्यकांत ढोके ने अदा की है। मिली जानकारी के अनुसार लोक अदालत में तीन न्यायिक खण्डपीठों का गठन किया गया, जिसमें सिविल न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में से समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण, एन.आई. एक्ट, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक प्रकरण, सिविल प्रकरण इस प्रकार कुल 473 प्रकरण रखे गये थे। प्रीलिटिगेशन के बैंक नगरपालिका,विद्युत विभाग, सिविल विवाह के 1226 प्रकरण रखे गये थे। सिविल न्यायालय सौंसर में गठित तीन खण्डपीठ में न्यायालय में लंबित 473 समझौता योग्य प्रकरणों में से कुल 80 प्रकरण निराकृत हुये तथा 4817056/- रूपये के अवार्ड पारित हुये है। तथा प्रीलिटिगेशन के कुल 14 प्रकरण निराकृत हुये जिसमें 37632/- रूपये की समझौता राशि विभाग द्वारा प्राप्त की गई। इस प्रकार लोक अदालत में कुल 94 प्रकरणों का निराकरण आपसी समझौता के आधार पर हुआ जिसमें 210 व्यक्ति लाभान्वित हुये।

# अभिनय लेखन कार्यशाला के लिए आज होंगे ऑडिशन

### किरदार संस्थान सिखाएगा अभिनय के गुर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

किरदार संस्थान जिले की युवा प्रतिभागियों को निखारने के लिए 21 दिवसीय नाट्य कार्यशाला हेतु आज ऑडिशन का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला के ऑडिशन का पंजीयन प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा। किरदार संस्थान के अध्यक्ष डॉ पवन नेमा ने बताया कि ऑडिशन हेतु संस्थान द्वारा निशुल्क पंजीयन की व्यवस्था की गई है। अभ्यर्थी ऑडिशन स्थल पर अथवा मोबाइल नंबर 7974366630, 7000862500 पर पंजीयन करवा सकते है। पंजीयन उपरांत आज दिनांक 12 मई को दोपहर 12 बजे से 05 बजे तक स्थानीय डॉ. खरे पंचकर्म सेंटर, बड़वन, छिंदवाड़ा मे ऑडिशन लिए जायेंगे।संस्था के अध्यक्ष सचिव ऋषभ स्थापक ने बताया गया कि ऑडिशन के उपरांत चयनित अभ्यर्थियों को किरदार संस्थान द्वारा 15 मई से 21 दिवस तक लेखन एवं अभिनय क्षेत्र की सम्पूर्ण गतिविधियो मे पारंगत किया जावेगा तथा उनकी कला को निखारा जावेगा। इस कार्यशाला में प्रशिक्षुओं को नाट्य संगीत, फेस एक्सप्रेशन, वॉयस माड्यूलेशन, डॉयलॉग डिलेवरी, मास्क मेकिंग, थियेटर गेम्स, बॉडी मूवमेंट, पब्लिक परफॉर्मेंस एवं शॉर्ट फिल्म मेकिंग इंट्रो आदि से परिचित कराया जाएगा। संस्था द्वारा कार्यशाला मे प्रशिक्षण देने हेतु विशेष प्रशिक्षकों को भी आमंत्रित किया गया है जो को फ़ल्मि निर्माण से संबंधित जानकारियों को साझा करेंगे।

## जुन्नारदेव में नेशनल लोक अदालत का आयोजन

**जुन्नारदेव।** माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा जी के निर्देशन में तथा श्री प्रेमपाल सिंह ठाकुर जी के कुशल मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति जुन्नारदेव द्वारा माननीय श्रीमान दीपराज कवड़े जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, तहसील विधिक सेवा समिति जुन्नारदेव जी के नेतृत्व में 11 मई 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन कराया गया, नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ श्रीमान दीपराज कवड़े, श्रीमान महेंद्र मांगोदिया श्रीमान वी- पी- सोलंकी, श्री राहुल सोनी जी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री सलीमुद्दीन खान, खण्डपीठ सुलकर्ता सदस्य, समस्त बैंक शाखा प्रबंधक, नगर पालिका जुन्नारदेव व दमुआ के अधिकारी कर्मचारीगण, विद्युत वितरण केन्द्र के अधिकारी कर्मचारी, पुलिस विभाग सहित समस्त न्यायालयीन कर्मचारीगणों उपस्थिति में संपन्न हुआ। उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित प्रकरण जिसमें पति पत्नि के आपसी विवाद के चलते न्यायालय में वर्षो से लंबित था प्रकरण में न्यायाधीश द्वारा दोनो पक्षो को समझाईस दी जाकर उनके प्रकरण का निराकरण किया गया साथ ही न्यायाधीशगणों के समक्ष दोनो ने एक दूसरे को माला पहनाई गई जिसके पश्चात उन्हें न्यायालय से विदाई दी गई। नेशनल लोक अदालत में जिला एवं अपर सत्र न्यायालय जुन्नारदेव के न्यायालयों से क्रमशः प्रकरणों को निराकरण किया गया जिला न्यायाधीश श्रीमान दीपराज कवड़े व्दारा कुल 21 प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें दांडिक प्रकरण 08, मोटर दुर्घटना संबंधी प्रकरण 1, हिन्दू विवाह अधिनियम के प्रकरण 7, व्यवहार वाद के 5 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

# सेन समाज ने मनाई संत नंदा सेन जी महाराज की जयंती, निकाली रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

राष्ट्रीय सेन समाज तामिया द्वारा आज 11 मई को सेन समाज के आराध्य देव सन्त श्री नन्दासेन जी महाराज जयन्ती मनायी गई। इस अवसर पर पप्रातः काल ९ बजे हनुमान जी महाराज मन्दिर की साफ सफाई के साथ हनुमान जी अभिषेक किया गया। सुन्दरकाण्ड हनुमान चालिसा, भगवान सत्यनारायण महाराज कथा एंव महाआरती का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के धर्म जागरण के प्रान्त संयोजक चन्द्रशेखर श्रीवास जी द्वारा सेन जी महाराज एव महापुरुषो के जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला। संत सेन जी महाराज के जीवन चारित्र तथा समाज संगठन के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में महापुरुषों के योगदान की अहम जानकारी दी। कार्यक्रम में सेन समाज के प्रतिभावान छात्र -छात्राओं का समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया कार्यक्रम के समापन में छिंदवाडा जिले की माटी के लाल वीर शहीद विक्की पहाड़े जी को उनके बलिदान पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में युवा समाजसेवी पत्रकार नितिन दत्ता एंव पर्यटन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यो के लिए पवन श्रीवास्तव जी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ पूर्व अध्यक्ष श्याम सेन, जवाहरलाल बन्देवार, सुरेश बन्देवार मौजूद रहे।

# डेंगू के खतरे को रोकने सक्रिय हुए नपा अध्यक्ष

### सुबह सात बजे से चलाया अभियान, नालों में डाली दवाईयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



मौसम के उतार चढाव से डेगु का खतरा बढ गया है। इसकी रोकथाम के लिए परासिया नगर पालिका अध्यक्ष सक्रीय हो गए है। परासिया नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने आज सुबह सात बजे से नगर में नालों में दवाईयों के छिंडकाव का अभियान चलाया। नगर के वार्ड क्रमांक तीन, चार और वार्ड क्रमांक दस के नाले में आबादी क्षेत्रों में दवाईयों का छिडकाव किया गया। इससे मच्छरों की रोकथाम में आसानी होगी और नागरिक बीमारियों से बच सकेंगे। आज सुबह नगर पालिका अध्यक्ष सबसे पहले वार्ड तीन के नाले के समीप पहुंचे। नगर पालिका के सेनेटरी इंस्पेक्टर दीपक राय, सुपरवाईजर सलीम खान के साथ पूरी टीम मौजूद थी। नाले में किसोलिक और कार्बोलिक पाउडर का छिडकाव किया गया। इसके साथ ही मलेरिया आईल का छिडकाव भी किया गया। इन उपायों से मच्छर की रोकथाम हो सकेगी। नागरिकों ने भी कार्य की सराहना की। सुबह छिडकाव होता देखकर और नगर पालिका अध्यक्ष को मौके पर मौजूद देखकर नागरिकों ने मुस्तैदी से जनता के काम में जनप्रतिनिधि को लगा देखकर सराहना की। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कहा कि नगर में नाले शहर से होकर बहते है। नगर पालिका ने सभी बडे नालों की सफाई का काम प्रारंभ किया है। इन नालों में मच्छर न पैदा हो इसके लिए अभियान चलाया गया है। सभी नालों में दवाईयों का छिडकाव किया जाएगा। इसके साथ ही फागिंग मषीन का भी इस्तेमाल किया जाएगा। फागिंग मषीन से मुख्या मार्गों और वार्डों में धुआं कर मच्छर भगाने का काम किया जाएगा। नपाध्यक्ष ने नागरिकों से अपील कीनगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने नागरिकों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कहीं भी पानी जमा न होने दे। पुराने टायर, बाल्टी, डिब्बे, टब आदि में पानी जमा होता है। इसमें मच्छर पनपते है।

### पुलिस का भी लिहाज नहीं करते शराब ठेकेदार के कर्मचारी

# विदेशी शराब दुकान से रवाना की जाती है बोलेरो वाहन में शराब की पेटियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया तहसील शराब ठेकेदार गांव-गांव कोल्ड ड्रिंक की तर्ज पर शराब की बिक्री अपने भरोसमंद कुचिया व्यापारियों के माध्यम से करते चले आ रहे हैं। इसी परंपरा का निर्वहन आबकारी विभाग की मेहरबानी से तामिया देलाखारी, चावल, पानी, झिरपा, शासकीय देशी एवं विदेशी शराब दुकान ठेकेदार आबकारी विभाग की मेहरवानी से अवैध शराब गांव गांव बिकवा रहे है। ऐसा आबकारी अधिकारियों की मिली भगत का नतीजा है। ठेकेदार द्वारा अवैध शराब की बिक्री किया जाना इन शराब दुकानों पर सुबह से शाम तक कुचिया अपने निजी वाहनों में शराब की पेटीयां, भरते देखे जा सकते हैं। इस तरह तामिया में अवैध शराब का व्यवसाय गांव गांव फैल चुका है और यहां पर हो रही अवैध शराब बिक्री के कारण युवा एवं ग्रामीण आदतन शराबी बन रहे हैं। जिससे उनके परिवार में शराब बिक्री के कारण आर्थिक तंगी भी देखने मिल रही है और परिवार तबाह होने की कगार पर पहुंच रहे हैं। आज दोपहर 1:00 बजे के लगभग तामिया शासकीय शराब दुकान जो जुन्नारदेव मार्ग पर पर स्थित है। इसी दुकान से निजी वाहन में अवैध शराब की पेटियां भरते राहगीरों ने देखा इसी बीच कोई पुलिस का वाहन वहां से निकला जिसकी फोटो किसी राहगीर ने निकाली। पुलिस के सामने तामिया शराब दुकान से गांव में अपने कुचिय़ो के यहां शराब बेचे जाने का मामला लोगोंकी जुबान पर चर्चा में रहा। लेकिन चर्चा यह भी रही की शराब ठेकेदार के कर्मचारीयों को पुलिस का भी भय नहीं है। इस तरह आबकारी विभाग के मिले संरक्षण के चलते, शराब ठेकेदार द्वारा गांव-गांव शराब सप्लाई कर खुलेआम बिक्री की जा रही है। ठेकेदार की मनमानी ही है कि उन्होंने शराब दुकान में दर सूची दुकान पर नहीं लिखी है। संबंधित विभाग के अधिकारियों के मोबाइल नंबर शिकायत एवं सुझाव के लिए ईसी से सिद्ध होता है कि आबकारी विभाग के अधिकारी शराब दुकान का निरीक्षण एवं स्टॉक का मिलना करने नहीं पहुंचते हैं। आज दोपहर में पुलिस वाहन के सामने शराब अपने वाहन में लोड करते लोगों के द्वारा देखा जन चर्चा का विषय रहा। लेकिन इस तरह अवैध शराब की बिक्री के लिए शराबका खुलेआम जाना। शासन एवं प्रशासन की छवि को धूमिल करता है। जबकि प्रदेश के मुखिया मोहन यादव स्वच्छ प्रशासन देने की बात करते हैं। लेकिन तामिया में आज का नजारा स्वच्छ प्रशासन के दावे की पोल खोलने के लिए काफी है।

## हैपीसीडर से बोनी नरवाई प्रबंधन का बेहतर विकल्प- उप संचालक कृषि

# उप संचालक कृषि ने सिंगोड़ी में किया ग्रीष्मकालीन मूंग का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर छिंदवाड़ा श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह ने कृषि अधिकारियों के साथ जिले के विकासखंड अमरवाड़ा के ग्राम सिंगोड़ी में प्रगतिशील कृषक श्री मुकुल जैन व श्री मनीष जैन के खेत पर ग्रीष्मकालीन मूंग फसल का आकस्मिक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान पाया गया कि हैप्पी सीडर से लगभग 25 एकड में बोई गई ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल अच्छी है। साथ ही गहरी जुताई प्लाउ द्वारा खेत की नरवाई खेत में मिलने का प्रदर्शन भी देखा





उप संचालक कृषि श्री सिंह ने बताया कि इस वर्ष ज़िले में प्रयास करके लगभग 1000 एकड़ में हैपीसीडर एवं सुपरसीडर के द्वारा बिना जुताई किये सीधे मूँग फसल की बोनी की गई है जिसे किसानों द्वारा बहुत पसंद किया गया है। उन्होंने बताया कि हैपीसीडर से बोनी नरवाई प्रबंधन का बेहतर विकल्प है । छिंदवाड़ा ज़िले में लगभग 10000 हेक्टर में ग्रीष्मकालीन मूँग की बोनी होती है। इस वर्ष बीसा संस्थान जबलपुर एवं कृषि अभियान्त्रिकी व कस्टमहायरिंग केंद्रों में उपलब्ध हैपीसीडर द्वारा ज़िले में लगभग 1000 एकड़ में हैपीसीडर द्वारा गेंहूँ कटाई के तत्काल बाद बिना जुताई किये सीधे मूँग फसल की बोनी की गई है जिसके परिणाम स्वरूप फसल बहुत अच्छी हुई है । इस तकनीक से किसानों को नरवाई जलाने की समस्या से निजात मिली और समय की बचत होती है। इस तकनीक से फसल लगभग 10 दिन पहले पककर तैयार हो जाती है व मिट्टी का उपजाऊपन बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि नरवाई मलचिंग का कार्य करती है जिससे खरपतवार कम होते हैं साथ ही कम पानी में फसल पककर तैयार हो जाती है व लागत कम हो जाती है तथा नरवाई नहीं जलाने से पर्यावरण भी अच्छा रहता है ।

## जल संरक्षण पर लगाई पोस्टर प्रदर्शनी को देखा रासेयो के छात्रों ने



**छिंदवाड़ा।** जीवन बिना पानी के न खेती की जा सकती है, न पशु पाले जा सकते है और ना ही जीवन जीया जा सकता हैं। जल के महत्व को आमजनों तक जानकारी देने के लिए स्वंय सेवी संस्था कुकड़ा ग्राम उत्थान समीति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना डेनियलसन डिग्री कालेज छिंदवाड़ा द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य स्मृति हाबिल के मार्गदर्शन मे छात्रो को जल बचाने जागरूकता कार्यक्रम समाजसेवी श्यामल राव,रा से यो के जिला संगठक रविंद्र नाफडे की उपस्थित मे संपन्न किया गया। इस अवसर पर श्यामल राव ने उपस्थित छात्रो को जल संरक्षण किस तरह से किया जा सकता है। कार्टूनिस्ट राजकुमार चौहान के द्वारा जनहित पर बनाये गये जल का करते दुरूपयोग को कैसे संरक्षण करना हे पर आधारित चित्रो का प्रदर्शन कर जल की उपयोगिता से अवगत कराया। वही ग्राम के कुए-बावड़ी , पोखर,झिरिया के संरक्षण , के नुख्से बताए और कहा कि जहां एक ओर गर्मी के समय भीषण जल संकट से जूझते रहते है। उसी तरह बरसात एवं ठंड में पानी बचाने के लिए कोई अथक प्रयास नहीं किया जाता।

# कपड़ा बैंक ने जरूरतमंदों को कपड़ों का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

विश्व रेडक्रॉस दिवस को कपड़ा बैंक की संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती हेमलता महेश भावरकर के मार्गदर्शन में एवं महिला विंग सेवा योद्धाओं मे छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष ललितामनी सरवैया संरक्षक ब्राउन मैडम रुक्मणी ठाकुर सविता चौरे जयप्रकाश करोसिया स्वाति श्रीवास्तव एवं टीम साथ ही अंबाडा से प्रभा सरसाम एवं टीम के द्वारा भीषण गर्मी में मूक जानवरों के लिए रास्ते मे एवं बरधाट में जित्तू कुशवाहा टीम के द्वारा स्वागत तथा बंदरो के लिए पानी की व्यवस्था प्राप्त हुई। भोजन हेतु केले चोरई से प्राप्त हुये संकट मोचन स्वरूप को पानी-फल वितरण कर अपने मंजिल की ओर निकल पड़े । बालाधाट कनकी में गर्म जोशी से स्वागत शक्ति सिंग ठाकुर की टीम द्वारा किया गया एवं। शक्ति सिंग ठाकुर जी का जन्मदिन का केट काटकर मनाया गया। जन्मदिन के उपलक्ष्य में कपड़ा बैंक के सेवा योद्धाओं द्वारा पितकोना, डाबरी,सोधन डोगरी जान हथेली पर रख अपनी जान की परवाह किए बगैर नक्सली छेत्र में ग्राम वासियों को दान-दाताओ के सहयोग से प्राप्त कपड़े छोटे-बड़े, बच्चों के जूते-चप्पल, बच्चों के खिलौने,स्वल्पाहार हॉक फोर्स के जवानों के साथ वितरण करने राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमलता महेश भावरकर, राष्ट्रीय सह सचिव सोनू पाटिल, संरक्षक ब्राउन मेडम, छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष ललितामनी सरवैया, रुक्मणी ठाकुर, सविता चोरे, एडवोकेट जयप्रकाश करोसिया, चौरई अध्यक्ष स्वाति श्रीवास्तव, सचिव कमलेश धेनु सेवक, शिवकुमारी शर्मा, पूजा ठाकुर, कार्यालय प्रभारी चौरई हरीश माहेश्वरी, ब्लॉक अध्यक्ष अंबाड़ा प्रभा सरसाम, बालाघाट के प्रभारी शक्ति सिंह ठाकुर, नीतू ठाकुर, नन्ही परी स्वरा ठाकुर, माया कुशराम जबलपुर, आरती चौहान, अमन सरसाम, सदरुन निशा अंसारी, अजा अंसारी, कुसमा भराये, बलराम कुहवाह, अरविंद कुशवाहा, कैलाश जी, जितेश परिहार, राकेश बंदेवार, अप्पू बालाघाट में पूरी टीम की भोजन व्यवस्था शुभम राहुल के द्वारा निभाया गया। कपड़ा बैंक टीम का अनूठा जुनून 700 किलोमीटर का डेंजर सफर की मुश्किलें आसान हो गया।

# भगवान श्री परशुराम का प्रगट दिन धूमधाम से मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

कल अक्षय तृतीया युग तिथि के अवसर पर नघर में सर्व ब्राह्मण समाज के वंशज भगवान श्री परशुराम जी का प्रागट्य दिवस जन्मोत्सव के रुप में धूमधाम से मनाया गया। कल रात्रि लगभग 9 बजे भगवान श्री परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख रास्तों से गुजरने के बाद समाप्त हुई। इसके पूर्व दोपहर 3 से 4 बजे तक भगवा- श्री परशुराम जी का पुजन हवन तथा शाम 4 से 5 बजे तक ब्राह्मण समाज की महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन समारोह किया गया। इस अवसर पर प्रवचन एवं भगवा- श्री परशुराम जी का जीवन परिचय बडे. बुजुर्गों द्वारा दिया गया। भगवा- श्री परशुराम जी की महाआरती उपरांत भगवा- श्री परशुराम को भोग लगाकर महाप्रसादी रखी गई। समस्त धार्मिक कार्यक्रम समता कालेज में संपन्न हुए।



**दमुआ।** आज सीएम राइस विद्यालय में 10 दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ ।जिसमे छात्र छात्राओं को विभिन्न गतिविधियों में शामिल होने पर प्रशस्ति पत्र प्राचार्य श्री राशिद सिद्दीकी द्वारा भेंट किए गए। इस समर कैंप को संपन्न करवाने में प्रभारी प्राचार्य प्रकाश खरें जी, समर कैंप प्रभारी धनीराम बेलें जी/यादव सर,नामदेव सर,अभिजित मोहबे सर,सिक्योरिटी गार्ड सोनू पाटिल व जितेंद्र टेकाम के सराहनीय भूमिका रही।

## पटरी किनारे खेत में मिला अज्ञात युवक का शव

**चौरई** : शुक्रवार सुबह अज्ञात व्यक्ति का शव नवेगांव व उदादौन के बीच अतरलाल वर्मा के खेत मे रेलवे पटरी किनारे पुलिया के पास मिला है शव लगभग 10 दिन पुराना प्रतीत हो रहा है मृतक ने काली रंग की शर्ट एवं कत्था कलर का लोअर व दिव्या कम्पनी की अंडरवियर पहने हुआ है उम्र लगभग 35-40 वर्ष बताई जा रही है उक्त व्यक्ति को यदि कोई जानता हो तो थाना चौरई से संपर्क करने की अपील पुलिस द्वारा की गईं है जिससे उक्त व्यक्ति की शिनाख्त हो सके।



# मंडी उड़नदस्ता दल की कार्यवाही जारी, वाहनों की जांच कर बनाये गए चार प्रकरण



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** रबी सीजन में धान बाहुल्य क्षेत्र लांजी में कृषि उपज के परिवहन पर उपमंडी लांजी के कर्मचारियों द्वारा शासन के नियमानुसार कृषि उपज के क्रय पर व्यापारियों से मंडी शुल्क उद्ग्रहण का कार्य किया जाता है तथा अवैध रूप से परिवहन करने पर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाती रही है। इसी तारतम्य में वरिष्ठ अधिकारियों बालाघाट मंडी भारसाधक अधिकारी SDM गोपाल सोनी व मंडी सचिव मनीष मेरावी के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी लांजी प्रदीप कौरव के निर्देशन में उपमंडी लांजी के मंडी अधिकारी कर्मचरियों द्वारा विगत एक सप्ताह में चार प्रकरण बनाकर शासन हित में जुर्माना वसूल करने की कार्यवाही प्रकाश में आयी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपमंडी लांजी प्रभारी आकाश ठाकुर ने बताया कि लांजी क्षेत्र में विभिन्न रास्तों पर नजर बनाए रखकर यहां से होने वाले अवैध परिवहन पर निरंतर अंकुश लगाया जाता है तथा मंडी अधिनियम की धारा 19 (4) के अंतर्गत कार्यवाही की है।इसी सप्ताह में ही दिनांक 5 मई को गणेश खोब्रागडे निवासी बेनेगांव द्वारा आमगांव के कृषि उपज दलाल टिंकू असाटी द्वारा वाहन एम एच 40 बी एल 7114 में अवैध रूप से परिवहित कृषि उपज धान 35 क्विन्टल पर 5084रुपये, इसी प्रकार दिनांक 7 मई को व्यापारी रविशंकर भगत निवासी चिखलामाली के द्वारा वाहन एम पी 50 जी 1783 में परिवहित धान 22क्विन्टल पर 4881 रुपये, और 7मई को ही व्यापारी रोहित कबीरे निवासी चुरली तथा परमात्मा एक ट्रेडर्स द्वारा वाहन क्रमांक एम पी 50 जी 1009 में परिवहित कृषि उपज धान अनुज्ञा पत्र में अतिरिक्त 82.80 क्विन्टल पर जुर्माना 13845 रुपये ,तथा दिनांक 9 मई को व्यापारी राजकुमार पगरवार निवासी घनसा द्वारा वाहन सीजी 08 बी 1110 में परिवहित कृषि उपज धान 44 क्विन्टल पर जुर्माना 8764 रुपये, लगाकर प्रकरण को नस्तीबद्ध किया गया है।। इस प्रकार 4 वाहनों पर कार्यवाही कर कुल 32574 रुपये जुर्माना वसूल कर शासन के खजाने में जमा कराए गए है।। इन कार्यवाही में प्रभारी उपमंडी लांजी आकाश ठाकुर के साथ सहायक उप निरीक्षक मंडी नेलचन्द बारबुदे तथा वासुदेव बढ़ई का योगदान रहा है।। श्री ठाकुर ने सभी व्यापारियों कृषको से कृषि उपज को फार्मगेट सौदा पत्रक ऐप के माध्यम से ही क्रय विक्रय करने तथा व्यापारियों को कृषको को सम्पूर्ण भुगतान कर मंडी शुल्क चुकाकर मंडी अनुज्ञा पत्र के द्वारा ही परिवहन करने का परामर्श दिया गया है। भविष्य में इसी प्रकार अवैध कारोबारियों के विरुद्ध कार्यवाही जारी रखने की बात भी कही है।

## अवैध प्लाटिंग करने व काम्प्लेक्स बनाने वाले कर रहे उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी

# रकम वापस मांगने गए युवक के साथ सराफा व्यापारी ने की मारपीट

### मामला रकम लेकर रजिस्ट्री नहीं करने का

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगर व क्षेत्र में अवैध रुप से प्लाटिंग करने व काम्प्लेक्स बनाने का कार्य जोरों से चल रहा हैं। इस ओर नगरीय क्षेत्र में नगरपालिका व ग्रामीण क्षेत्र में पंचायतों व पटवारियों का कोई ध्यान नहीं हैं। जिसके कारण इन अवैध प्लाटिंगों में प्लॉट व काम्प्लेक्सों में दुकान खरीदने वाले उपभोक्ताओं व नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। हाल यह हैं कि आज तक ना तो नगरपालिका और ना ही पंचायतों ने नागरिकों को यह बताने की आवश्यकता महसूस की हैं कि कौन सी प्लाटिंग अवैध रुप से की गई हैं या कौन सा काम्प्लेक्स बिना अनुमति के बनाया गया हैं। जिसके कारण उपभोक्ताओं को कॉलोनाईजर व बिल्डर ठगने व बेवकूफ बनाने का कार्य कर अपना उल्लू सीधा कर रहे हैं।

**पुलिस ने किया मामला दर्ज:** ऐसा ही एक मामला सामने आया हैं, जिसमें उपभोक्ता द्वारा काम्प्लेक्स में दुकान खरीदने व उसकी रकम अदा करने के बाद भी दुकान की रजिस्ट्री बिल्डर ने उसके नाम से नहीं की और उल्टा रकम वापस करने के नाम पर अपनी दुकान में बुलाकर अपने कर्मचारी के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट कर जान से मारने का प्रयास किया। इस मामले में प्रार्थी की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी नीरज सोनी व अन्य के खिलाफ भादवि की धारा 294, 323, 506, 34 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जॉच में लिया गया हैं।



**बहन के लिए संतोष सहजवानी से खरीदी 6 लाख में दुकान:** मामला वारासिवनी नगर के गोलीबारी चौक में स्थित सराफा बाजार का हैं। शिकायतकर्ता राजेश लिमजे द्वारा पुलिस थाना वारासिवनी में लिखाई गई शिकायत के अनुसार वार्ड नं. 8 में नीरज सोनी द्वारा अपने पार्टनरों के साथ मिलकर एक काम्प्लेक्स का निर्माण किया गया हैं। इस काम्प्लेक्स में एक दुकान राजेश लिमजे ने अपनी बहन के लिए 6 लाख रुपये में खरीदी थी। जिसकी रकम नीरज सोनी के साथी संतोष सहजवानी को बैंक के माध्यम से दी गई थी।

**नीरज सोनी ने दिया था रजिस्ट्री करने का आश्वासन:** लेकिन जब उन्होंने उससे रजिस्ट्री करने के लिए कहा, तो उसने कहा कि रजिस्ट्री नीरज सोनी व संदेश मिश्रा करेंगे। इस संबंध में जब उन्होंने नीरज सोनी से चर्चा की, तो उसने रजिस्ट्री करने का आश्वासन देते हुए संतोष सहजवानी से चर्चा नहीं करने के लिए कहा। लेकिन नीरज सोनी द्वारा भी रजिस्ट्री करने के स्थान पर लगातार टालमटोल करने के बाद जब राजेश लिमजे ने रजिस्ट्री करने या फिर रकम वापस करने की मॉग की।

**रकम वापस लेने गया, तो नीरज सोनी व अन्य ने की पिटाई:** तो उसने 9 मई को राजेश लिमजे को रकम लेने के लिए बुलाया। जब वह 9 मई की शाम लगभग 4 बजे सराफा बाजार में स्थित नीरज सोनी की सराफा दुकान में पहुँचा, तो उसने रकम देने के बहाने उसे दुकान के अंदर बने हुए कमरे में ले गया और वहॉ पर अपने कर्मचारी के साथ मिलकर राजेश लिमजे से मारपीट की और गला दबाकर मारने का प्रयास किया।

**थाना पहुँच कर रिपोर्ट दर्ज कराई:** इस घटना से घबराया हुआ राजेश किसी प्रकार अपने आप को छुड़ाकर वहॉ से बाहर निकला और अपने पिता श्यामलाल लिमजे के साथ पुलिस थाना वारासिवनी पहुँचा। जहॉ उसकी हालत देखकर उसे शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी में भर्ती करवाया गया। जहॉ पर चिकित्सकों द्वारा उसका इलाज किया जा रहा हैं। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जॉच कर रही हैं।

अब देखना यह हैं कि वारासिवनी पुलिस इस मामले में आरोपियों पर क्या कार्यवाही करती हैं, वहीं दुकान बेचने के नाम पर रकम लेकर रजिस्ट्री नहीं करने वाले संतोष सहजवानी के खिलाफ भी पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही की जाती हैं या नहीं? यह भी देखने वाली बात होगी।

## दूसरों के लिए परेशानी:अधिकांश वार्डों में टुल्लू पंप लगा ले रहे पानी, आम लोगों की परेशानी

# लांजी नप की बड़ी कार्यवाही : तीन सबमर्सिबल पंप, पांच मोटर पंप किया जप्त

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** भीषण गर्मी के दौर में जहां लोगों को दो वक्त जल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। वहीं वार्डवासी मोटर पंप लगाकर नलों से पानी भर रहे हैं। जिसके कारण अन्य लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए नपा अमले ने शनिवार 11मई को 8 विद्युत मोटर (टुल्लू पंप) , समरसिबल पंप को जब्त किया है। बता दें कि नगर परिषद के सरकारी नल से पानी कम आने के कारण यहां के अधिकांश वार्डों में लोग टुल्लू पंप, लगाकर पानी खिंच रहे है। ऐसा करने से जहां टुल्लू पंप लगाने वाले के घर मे तो प्रर्याप्त मात्रा मे पानी मिल जा रहा है, लेकिन आगे के घरो मे पानी की सप्लाई और धीमा व कम हो जाता है। यह समस्या नगर के अधिकांश वार्ड मे देखने को मिल रहा है। और वही सरकारी हैंड पंपों में समरसेबल पंप तथा शासकीय कुओं में भी मोटरे लगाई गई थी। सुबह व शाम सरकारी नलों से ज्यादा पानी के लिए लोग टूल्लू पंप का सहारा ले रहे हैं। ऐसे लोग अपने स्वार्थ के लिए दूसरों को और अधिक परेशानी मे डाल रहे हैं। जिस घर में टूल्लू पंप लगवाकर पानी लिया जाता है उससे आगे वाले घरो में पानी की धार और कम हो जाती है और तय समय में काफी कम पानी ही मिल रहा है। यहां के अधिकांश वार्ड मे सुबह व शाम यह नजारा देखने को मिल जाएगा जब लोग पानी आने की बेहद धीमी गति को तेज करने के लिए टूल्लू पंप का इस्तेमाल करते है। टुल्लू पंप लगाकर सरकारी नल से पानी खिंचना गैर कानूनी है।



**नगर परिषद की टीम ने तीन समरसिबल पंप और पांच मोटर पंप किया जप्त :** नगर परिषद लांजी के अंतर्गत पेयजल की समस्या एवं लगातार शिकायत प्राप्त होने पर दिनांक 11 मई को मुख्य नगरपालिका अधिकारी के निर्देशानुसार वार्ड क्रमांक 03, 09, 12, 13 में ग्रीष्म ऋतु के दौरान पेयजल आपूर्ति को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय कुआ, हैण्डपम्प, नल कनेक्शनों में मोटर पम्प लगाकर पानी लिया जा रहा था। जिस कारण वार्डो में पर्याप्त जल आपुर्ति की समस्या उत्पन्न हो रही थी। जिसके चलते नगर परिषद अमला ने जल प्रदाय एवं राजस्व शाखा के द्वारा अवैध 03 नग सबमरसिबल पम्प एवं 05 नग मोटर पम्प कुल 08 नग मोटर की जप्ती की कार्यवाही की गई। वही जानकारी अनुसार नगर परिषद के कर्मचारियों ने जिन स्थानों से आठ मोटर पंप जप्त किए हैं वह सभी मोटर मालिक रसूखदार होने के कारण नगर परिषद ने उनके नाम सार्वजनिक करने से मना कर दिया और वह राजनीतिक में पकड़ रखने वाले होने के कारण उनके नाम नहीं बताए गए अब देखना यह होगा कि नगर परिषद इस मामले में कहां तक कार्यवाही कर पाती है।

## शासकीय महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**वारासिवनी।** शिक्षण सत्र 2024-25 के लिए उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रवेश प्रक्रिया प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों में प्रारंभ कर दी गई है। इसी संदर्भ में शासकीय एस0एस0पी0 महाविद्यालय वारासिवनी में भी प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ है। इस बार प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को महाविद्यालय जाये बिना ही प्रवेश मिल जाएगा। विद्यार्थी अपनी पसंद के दस कॉलेज का चयन कर सकते है। प्रवेश के लिए इस वर्ष दो मुख्य और एक सीएलसी चरण होंगे। दस्तावेजों के सत्यापन हेतु छात्रों को महाविद्यालय जाने की आवश्यकता नहीं है। दस्तावेजों के सत्यापन हेतु विभाग द्वारा महाविद्यालय में हेल्प सेंटर का गठन किया गया है, यदि आवेदन में किसी भी प्रकार की त्रुटि हो, तो महाविद्यालय जाकर त्रुटि सुधार किया जा सकता है। दस्तावेजों के सत्यापन पश्चात यूजी प्रथम चरण की सीट का आबंटन 25 मई तथा पीजी प्रथम चरण की सीट का आबंटन 29 मई को होगा।

# भीषण गर्मी से परेशान पशु-पक्षियों की सहायता के लिए नृत्य दर्पण अकादमी चला रही अभियान

### नन्हें-मुन्ने बच्चे नृत्य के माध्यम से व नगर के वार्डो में घूम कर, नागरिकों को कर रहे जागरुक

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** भीषण गर्मी की मार से मानव के साथ-साथ पशु-पक्षी भी बेहाल हो जाते हैं। इस भीषण गर्मी के दौरान मानव तो अपने प्राकृतिक व अप्राकृतिक साधनों से गर्मी से बचाव करने में सफल हो जाता हैं। लेकिन पशु-पक्षी भीषण गर्मी से अपना बचाव करने में सफल नहीं हो पाते हैं। इस भीषण में पशु-पक्षियों को खास तौर पर पीने के पानी व भोजन की समस्या से सामना करना पड़ता हैं। नदियों, तालाबों व नालों का पानी सूखने के कारण पशु पक्षियों को पेयजल नहीं मिलने से प्यासे भटकने व मरने की नौबत तक आ जाती हैं।पशु पक्षियों की इस विकराल समस्या को देखते हुए नगर की नृत्य दर्पण डांस अकादमी की संचालिका व नृत्य शिक्षिका कुमारी रितिका जैन द्वारा अपनी संस्था के नन्हें-मुन्ने बच्चों के साथ 6 मई से जीव दया अभियान प्रारंभ किया गया हैं। इस जीव दया अभियान के तहत नन्हें-मुन्ने बच्चे नृत्य के माध्यम से भीषण गर्मी में जीवों की होने वाली परेशानियों का प्रदर्शन कर नागरिकों को उनके प्रति दयाभाव दिखाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनके इस प्रयास की नागरिकों द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की जा रही हैं। जीव दया अभियान के बारे में जानकारी देते हुए नृत्य शिक्षिका रितिका जैन ने बताया कि जीव दया अभियान के तहत उनकी संस्था के विद्यार्थियों द्वारा सी एम राईज शासकीय टिहलीबाई उत्कृष्ट विद्यालय में जीव हत्या को रोकने एवं सभी जीवों की मदद करने के बारे में बताते हुए नृत्य नाटिका के माध्यम से विद्यालय के अन्य बच्चों को जागरुक करने का अभियान प्रारंभ किया था। अब यह अभियान वारासिवनी नगर के विभिन्न वार्डो में चलाया जा रहा हैं।



# केवलारी पुलिस ने रेत के अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग डम्परों को पकड़ा

## मुगदरा से लेकर सिवनी की ओर ओवरलोड होकर जा रहा था

**केवलारी थाना में खड़ा करवाया गया है तथा उक्त ट्रक के विरूद्ध रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन करने के संबंध में अग्रिम कार्यवाही के लिये प्रकरण खनिज अधिकारी को भेजा गया है। उपरोक्त सम्पुर्ण कार्यवाही सी एल ऊइके नगर निरीक्षक के नेतृत्व सहित दल बल की भूमिका रही।**

पुलिस विभाग ने अवैध परिवहन एवं ओवरलोडिंग पर कार्यवाही शुरू कर दी है। रात्रि लगभग 8:00 बजे खनिज अधिकारी सौहन सल्लामे के निर्देशन में माइनिंग विभाग ने दोनों हाईवा डंपर को पुलिस थाने में खड़ा करवाते हुए मामला दर्ज किया गया। विभाग ने हाईवा डोर क्र एमएच 34 बीजेड 4433 एवं एमएच 40 सीटी 2904 को रेत का अवैध परिवहन करते पकड़ा है जो मुगदरा से लेकर सिवनी की ओर ओवरलोड होकर जा रहा था।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

इसी तरह की कार्यवाही मंडला जिले से आ रहे रेत के ओवरलोड ट्रक डंपर ट्रैक्टर जो एक रॉयल्टी पर 5 से 6 ट्रिप मारते हैं तथा शासन का आई का नुकसान कर रहे हैं रेत माफिया द्वारा ऑनलाइन पिट ऑन लाईन रॉयल्टी का दुरुपयोग कर एक ही रॉयल्टी से बार.बार परिवहन किया जा रहा है जो अवैध है खनिज विभाग की उदासीन है जिसके कारण दबिश देकर पुलिस को कार्यवाही करने की आवश्यकता है क्योंकि खनिज विभाग तो कार्यवाही करने से परहेज कर रहा है इन क्षेत्रों से बेहिसाब रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है। इधर भण्डारण के नाम पर रॉयल्टी का हो रहा दुरूपयोग कर रहे है पडोसी जिला मंडला के रेत माफिया सूत्रों से जानकारी प्राप्त हुई है फिर भी खनिज विभाग ने इस विषय पर अनदेखी करते हुये नियम विरूद्ध काम करने वाले रेत माफियाओं को संरक्षण देने का काम कर रहे हैं। माफियाओं ने नियम ताक पर रखकर एक ऑन लाईन रायल्टी पर बार बार रेत का परिवाहन जारी है माफिया जिला सीमा क्षेत्र से पार मंडला जिला से होकर रेत का उत्खनन कर रहे हैं और मण्डला जिले के अधिकारी शांत हैं हाथ पर हाथ धरे बैठे हुये हैं ऐसा हम नहीं जिले की जनता कह रही है। रेत का परिवहन बढ़ने से सड़कों पर जाम भी लग रहा है कोई मरता है तो मरे लेकिन जिला प्रशासन को कोई सरोकार नहीं है। रेत का यह कारोबार इस कदर बढ़ गया है कि माफिया और रेत के सौदागर पर्यावरण नियमावली को ताक पर रख कर अपनी रोटी सेंकने में लगे हुये हैं और खनिज विभाग दोनों जिले का उनके साथ भाईचारा निभा रहे है। रेत के मसले पर लगातार शिकायते प्राप्त हो रही है फिर भी खनिज विभाग की कार्यवाही शून्य है। जिस थाली में खा रहे हैं उसी में छेद करने की तर्ज पर काम करने वाला खनिज विभाग शासन के खजाने में भरने वाला राजस्व जिसको क्षति पहुंचाने से जरा भी गुरेज नहीं कर रहे हैं । मंडला जिले से आ रहे रेत के ओवरलोड ट्रक डंपर ट्रैक्टर जो एक रॉयल्टी पर 5 से 6 ट्रिप मारते हैं तथा शासन का नुकसान कर रहे हैं रेत माफिया द्वारा ऑनलाइन पिट ऑन लाईन रॉयल्टी का दुरुपयोग कर एक ही रॉयल्टी से बार.बार परिवहन किया जा रहा है जो अवैध है खनिज विभाग की उदासीन है।

# विवाह समारोह में आये युवक को चाकू मारकर किया था घायल, इलाज दौरान मौत

**जिले के धूमा थाना अंतर्गत शुक्रवार रात विवाह कार्यक्रम में एक नाबालिग की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। बताया गया कि मृतक आकाश अहिरवार (17) धूमा विवाह कार्यक्रम में शामिल होने आया था, जहां उसका किसी बात को लेकर 2 नाबालिगों से विवाद हो गया।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर झगड़े को शांत करा दिया था। लेकिन कुछ देर बाद जब खाना खाने के बाद आकाश पंडाल से बाहर निकला तो कुछ लोगों ने उसे चाकू मारकर घायल कर दिया। इलाज के दौरान युवक की मौत प्राथमिक उपचार के बाद आकाश को मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। इस मामले में पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया की बीती रात शादी समारोह में किसी बात कोलेकर आकाश अहिरवार का विवाद जबलपुर से आए युवकों विवाद से हो गया था। इसके बाद 2 नाबालिगों ने चाकू मारकर आकाश को घायल कर दिया। जिसकी आज मौत हो गई। चाकू मारने वाले दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। हत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### बाइक फिसलने से एक व्यक्ति की मौत

जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र अंतर्गत सेढ़ नदी के समीप शुक्रवार रात लगभग 9:30 सड़क हादसा हो गया। जहां बेकाबू होकर बाइक फिसलने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बाइक में दोनों लोग सवार होकर जा रहे थे। जब वह लखनादौन और धूमा के बीच सेढ नदी के समीप पहुंचे, तो बाइक बेकाबू होकर फिसल गई। इस हादसे में दोनों सड़क पर गिर गए। उसी समय पीछे से आ रहे एक वाहन की चपेट में दोनों बाइक सवार आ गए। जिसके कारण एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को दी सूचना घटना की जानकारी प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस और 108 वाहन को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने लोगों की मदद से मृतक और घायल को सिविल अस्पताल लखनादौन लाया। घटना की जानकारी मिली के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा बनाते हुए शव पोस्टमॉर्टमके लिए भेजा है। वहीं घायल को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि दोनों व्यक्ति बरगी क्षेत्र के रहने वाले हैं जो किसी काम से लखनादौन तरफ जा रहे थे। हादसे का शिकार हो गए। मृतक का नाम राजकुमार पिता रामनाथ बर्मन उमर 45 साल निवासी ग्राम जामताड़ा बरेला एवं घायल का नाम अरविंद पिता सोनू वर्मा उम्र 40 वर्ष निवासी पूर्व बंजारा थाना लखनादौन है। फिलहाल पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही है।थाना प्रभारी कीरत सिंह धुर्वे ने बताया कि एक बाइक बेकाबू फिसल गई थी। जिसमें सवार दो लोग जमीन पर गिर गए। किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। इस दुर्घटना में एक कि मौत हो गई और दूसरा गंभीर घायल है।

# दो बाईक की आपस में टक्कर, पांच घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

घंसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपरिया प्रतीक्षालय के पास शुक्रवार रात एक सड़क हादसा हो गया। जहां 2 बाइक आपस में टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी की 5 लोग घायल हो गए। जिसके बाद घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां 2 लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात एक बाइक में 3 लोग व एक बाइक में 2 लोग सवार होकर कहीं जा रहे थे। जब वह पिपरिया ग्राम के प्रतीक्षालय के समीप पहुंचे तो आपस में दोनों बाइकों में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में गोपाल उइके पिता सियाराम उइके निवासी आमाखोय, बंदना उइके पति गोपाल उइके, कन्हैया मसराम पिता मस्तलाल मसराम, रवीना एवं ज्ञानवती घायल हो गई। घटना की जानकारी प्रत्यक्ष दर्शियों ने घंसौर पुलिस और 108 वाहन में दी। जिसके बाद घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद 2 लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटनाक्रम जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ । सिवनी पुलिस वाहन चालकों से लगातार अपील कर रही है कि सावधानी पूर्वक वाहन चलाएं, बाइक चलाते समय हेलमेट लगाएं। बावजूद इसके लोग लापरवाही बरत रहे हैं और हादसे का शिकार हो रहे हैं।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय में विश्व प्रवासी पक्षी दिवस मनाया

**नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय के प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा आज 11 मई 2024 को विश्व प्रवासी पक्षी दिवस मनाया गया। विभागाध्यक्ष डॉ रुचिका यदु ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व प्रवासी पक्षी दिवस एक वार्षिक वैश्विक अभियान है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिसका उद्देश्य प्रवासी पक्षियों और उनके आवासों के संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह पक्षियों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाता है और दुनिया भर में संरक्षण कार्यों को प्रोत्साहित करता है। डॉ. रुचिका ने इस वर्ष के विश्व प्रवासी पक्षी दिवस की थीम पर प्रकाश देते हुए जानकारी दी कि इस वर्ष की थीम ₹कीड़ों की रक्षा करें, पक्षियों की रक्षा करें₹ जो कीड़ों के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने, शिक्षित करने और सीखने का एक अवसर है। प्रवासी पक्षियों के लिए कीड़ों के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया गया है। दुनिया के लगभग सभी पारिस्थितिक तंत्रों में मौजूद कीड़े प्रवासी पक्षियों के लिए उनकी लंबी यात्राओं के लिए आवश्यक भोजन स्रोत हैं। प्रवासी पक्षी अक्सर अपने प्रवास का समय कीड़ों की बहुतायत के अनुरूप तय करते हैं। प्रवास रुकने के दौरान भोजन के लिए और प्रजनन की सफलता और अपने बच्चों को खिलाने के लिए वे इन कीड़ों पर निर्भर रहते हैं। प्रवासी पक्षी अक्सर अपने प्रवास को कीड़ों की बहुतायत के अनुरूप बनाते हैं। प्रवास रुकने के दौरान भोजन के लिए और प्रजनन की सफलता और अपने बच्चों को खिलाने के लिए वे इन कीड़ों पर निर्भर रहते हैं। हाल के वर्षों में उजागर हुई कठोर वास्तविकता यह है कि कीड़ों की आबादी घट रही है, जिसका संबंध जीवित रहने के लिए कीड़ों पर निर्भर पक्षी प्रजातियों में गिरावट से है। साइंस जर्नल में एक विश्लेषण से पता चला है कि हम हर दशक में दुनिया की कीट आबादी का लगभग 9% खो रहे हैं। वनों की कटाई, औद्योगिक कृषि, कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग, प्रकाश प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन इस प्रवृत्ति को बढ़ाने वाले प्रमुख कारक हैं। अतः उन्होंने छात्राओं से पक्षियों एवं कीटों के संरक्षण हेतु उचित कदम उठाने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. टी आर सनोड़िया एवं डॉ डिंपल डहेरिया उपस्थित रहे कार्यक्रम में करीब 75 छात्राओं ने भाग लिया।

### मोबाईल लोक अदालत में हुये राजीनामे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सतीश चन्द्र राय, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के कुशल मार्गदर्शन में तथा श्री लक्ष्मण कुमार वर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के निर्देशन में दिनांक 10.05.2024 को मोबाईल लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसके लिए श्रीमती अर्चना यादव, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी की पीठ का गठन किया गया। मोबाईल लोक अदालत में पारिवारिक विवाद से संबंधित 04 प्रकरण रखे गए थे जिसमे कुल 02 प्रकरणों का निराकरण किया गया। प्रकरणों में दोनो पक्षो को समझाईश देने के बाद मोबाईल लोक अदालत में राजीनामें के आधार पर श्रीमती अर्चना यादव पीठासीन अधिकारी मोबाईल लोक अदालत ने कुल 02 प्रकरणों का सफलता पूर्वक निराकरण किया।

### आयोजित हुआ विधिक जागरूकता शिविर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्रीमान सतीश चंद्र राय के मार्गदर्शन में एवं श्री लक्ष्मण कुमार वर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के निर्देशन में श्रीमती तनु गुप्ता न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी एवं श्रीमती पायल परमार न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी के द्वारा दिनांक 10 मई 2024 को आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 33 कोयला भट्टी सिवनी में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में नालसा आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवाएं योजना, संविधान के मौलिक अधिकार एवं कर्त्तव्य, पास्को एक्ट, यौन उत्पीड़न नेशनल लोक अदालत योजना के विषय में जानकारी प्रदान की गई।

# मिशन स्कूल छपारा द्वारा आयोजित हुआ सम्मान समारोह

## बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल छात्रों को जिला कलेक्टर द्वारा किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छपारा।




नगर के मिशन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से कक्षा बारहवीं में जीव विज्ञान विषय में प्रदेश में टॉप करने वाली छात्रा के सम्मान में सामारोह कार्यक्रम 8 मई को दोपहर 5 बजे से शुरू हुआ जो जिला कलेक्टर क्षितिज सिंघल की मुख्य अतिथि एवं अध्यक्षता में आयोजित किया गया उक्त कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी लखनादौन हिमांशु जैन,जिला शिक्षा अधिकारी एस के कुमरे, तहसीलदार छपारा नितिन चौधरी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाचार पत्र प्रतिनिधी एवं अध्यनरत छात्र-छात्राओं के पेरेंट्स उपस्थित रहे कार्यक्रम में प्रदेश की टॉपर एवं नगर की सना अंजुम खान को उनकी दोनों बड़ी बहनों एवं मां को मंच पर आमंत्रित कर जिला कलेक्टर क्षितिज सिंघल ने अपने जिला,नगर एवं विद्यालय का नाम रौशन करने पर बधाई शुभकामनाएं मिशन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की ओर से ट्राफी, प्रमाणपत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया ओर सभी विद्यार्थियों को अपने संबोधन में कहा कि अच्छे परीक्षा परिणाम पर सिर्फ खुद की मेहनत या अकेले को श्रेय ना दें यह विद्यार्थी के अटूट विश्वास और परिश्रम का प्रतिफल तो रहती ही है परन्तु विद्यार्थी के परिवार, शिक्षकों शिक्षिकाओं और विद्यालय की शिक्षा के उपयुक्त वातावरण का भी योगदान रहता है परीक्षा में सफलता मिलेगी जो एक सीडी का प्रथम चरण है हमेशा परिणामों की चिंता किए बगैर मेहनत करते रहें। मिशन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य माइकल जोन, प्रदीप मसीह , संजय मसीह सहित सभी शिक्षकों ने विद्यालय से कक्षा पांचवीं, आठवीं, दसवीं एवं बारहवीं के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को प्रतीक चिन्ह प्रमाण पत्र एवं मैडल प्रदान कर सभी का सम्मान किया गया।

# JVPL टूर्नामेंट में नीरू, मन्नी, राकेश ने लगाए अर्धशतक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** JVPL टूर्नामेंट के लीग मैच के सातवे दिन मै दो मैच खेले गए आज पहला मैच नाईट राइडर्स और सुपर किंग के मध्य हुआ जिसमें सुपर किंग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर मै 8 विकेट के नुकसान पर मात्र 73 रन बनाकर 74 रनो लक्ष्य दिया सुपर किंग की और से युवराज ने शानदार 29 रनो की पारी खेली नाईट राइडर्स की और से सुजान सिंह ने 2 ओवर मै 12 रन देकर 3 विकेट लिए लक्ष्य का पीछा करने उतरी नाईट राइडर्स ने निर्धारित 8.1 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 77 रन बना कर यह मैच 8 विकेट से जीत लिया नाईट राइडर्स की और से नीरू ने शानदार 35 गेंद पर 55 रनो की पारी खेली नाईट राइडर्स की टूर्नामेंट मै यह लगातार दूसरी जीत है इस मैच के मैन ऑफ दा मैच नीरू निर्मलकर रहे। दूसरा मैच जेस और सिटी बॉयस के मध्य हुआ जेस के कप्तान अरुण यादव ने टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया जेस ने निर्धारित 10 ओवर मै 5 विकेट के नुकसान पर 117 रन बनाकर सिटी बॉयस को 118 रनो का लक्ष्य दिया जेस एलेवन की और से *मनीष चौरसिया ने 17 गेंद पर 53 की शानदार पारी खेली जिसमें शानदार छह छक्के शामिल थे* लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिटी बॉयस ने निर्धारित 10 ओवर मै 6 विकेट के नुकसान पर मात्र 87 रन ही बना पाई जेस एलेवन ने यह मैच 30 रनो से जीत लिया सिटी बॉयस की और से कप्तान राकेश अरेवा ने शानदार 56 रनो की पारी खेली जेस एलेवन की और से प्रवीण यादव ने 3 और दीपक डागा ने 2 विकेट लिए इस मैच की मैन ऑफ द मैच मनीष चौरसिया रहे। दोनों मैचो मै निर्णायक की भूमिका बंटी बिसेन और सदाम खान रहे आज के मुख्यअतिथि आसिफ लाल, सतीश चिंटोले और बिसेन जी थे कल 12-05-24 को भी दो मैच खेले जाएंगे पहला मैच सुबह 6:30 बजे जेआरबी vs सर्वोदय दूसरा मैच प्रेस क्लब vs यलगार के मध्य खेला जाएगा।

# ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन द्वारा समर कैंप के बच्चों ने किया आउटिंग

**नेचर, डैम एवं एडवेंचर वाटर पार्क,फॉरेस्ट टूरिज्म आदि स्थानों का भ्रमण कराया गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरघाट।




ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन द्वारा आयोजित समर कैंप में बच्चों के लिए अनेक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन एक समाजसेवी संगठन है, जो लगातार बच्चों एवं महिलाओं के हित में कार्य कर रहा है। समर कैंप 2024 में डांस, कराटे, योगा, संगीत, सभी प्रकार के वाद्य यंत्र, आर्ट एंड क्राफ्ट एवं मेंहदी, पेंटिंग अनेक विधाएं सिखाई जा रही हैं। समर कैंप के आयोजक ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर नरेश सिंह राजपूत द्वारा बच्चों के लिए वाटर पार्क एवं फॉरेस्ट , डैम अनेक स्थानों पर भ्रमण कराया गया। बच्चों ने वाटर पार्क में अनेक प्रकार के स्लाइड एवं पूल में मस्ती करते हुए मौसम का आनंद उठाया। साथ ही सभी बच्चों को फॉरेस्ट (अंबा माई कटंगी) एवं डैम भी घुमाया गया। बच्चों ने साथ में लंच शेयर करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। सभी पालकों का सकारात्मक सहयोग प्राप्त हुआ। ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर नरेश सिंह राजपूत ने बताया की संस्था लगातार समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रहा है। बच्चों के सर्वांगीण विकास में समस्त विधाएं आवश्यक हैं, हम बच्चों को अनेक विधाओं में पारंगत बनाने हेतु सकारात्मक प्रयास कर रहे हैं। समर कैंप में ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन की कोषाध्यक्ष एवं गुरुकुल पब्लिक स्कूल की प्राचार्य ज्योति सिंह राजपूत ने बताया की बच्चे जिन विधाओं को सीख रहे हैं, उन्हे मंच पर अपनी प्रतिभा को दिखाने हेतु तैयार किया जा रहा है। समर कैंप की समस्त टीम द्वारा सहयोगात्मक कार्य करते हुए सहयोग प्राप्त हुआ।

## नाली निर्माण के बाद नहीं लगाए गए ढक्कन

# नाली में बच्चे और मवेशी हो रहे दुर्घटना का शिकार

नगर परिषद के आजाद वार्ड में समस्याओं का अंबार है ज्ञात हो कि नगर का उक्त वार्ड क्रमांक 9 है जो की परिषद की अध्यक्ष का वार्ड कहलाता है. जहां एक साल पहले नगर परिषद के द्वारा नाली निर्माण किया गया था. नगर परिषद के द्वारा नाली निर्माण के एक वर्ष का समय बीत जाने के बाद भी इन नालियों में ढक्कन नहीं लगाए गए हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छपारा।



जिसकी वजह से यहां मवेशी और बच्चे नाली में गिर कर हादसे का शिकार हो रहे हैं. इसके बाद भी नगर परिषद के कर्णधार ध्यान नहीं दे रही है. वही उक्त आजाद वार्ड की रहने वाली महिला प्रेमलता पटवा ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके द्वारा नाली में ढक्कन नहीं लगाए जाने को लेकर सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की गई. किंतु इसके बाद भी अब तक नगर परिषद के द्वारा इस ध्यान नहीं दिया गया. साथ ही उन्होंने कहा कि हैरानी की बात तो यह है कि जिस वार्ड में अध्यक्ष स्वयं रहती हैं उनके ही वार्ड में समस्याओं का अंबार है। जहां मूलभूत सुविधा नाली, पेयजल जैसी व्यवस्थाओं को दुरुस्त नहीं कर पा रही हैं. जिस पर वार्ड वासियों में जमकर आक्रोश पनप रहा है. उन्होंने कहा है कि यदि नगर परिषद अब समय रहते ध्यान नहीं देती है. तो हम वार्ड वासी नगर परिषद में पहुंचकर हंगामा करेंगे. जिसकी स्वयं जिम्मेदार नगर परिषद होगी. उन्होंने कहा कि वार्ड में बच्चे और मवेशी नाली में गिर रहे हैं.इसके बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है फिलहाल देखने वाली बात यह होगी नगर परिषद के जिम्मेदार कब तक इस ओर ध्यान देते हैं।

### इनका कहना है

वार्ड में 1 साल पहले नाली का निर्माण किया गया है जिस पर ढक्कन नहीं लगाए गए हैं मवेशी और बच्चे दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं इसके बाद भी नगर परिषद ध्यान नहीं दे रही है।

**बसंत बरदिया/ वार्ड वासी**

नगर परिषद ने नाली निर्माण तो कर दी लेकिन ढक्कन नहीं लगे जिससे काफी परेशानियां हो रही हैं दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती हैं, साथ ही गंदगी के कारण मच्छर भी पनप रहे हैं शिकायत के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

**सुनीता पाटर, वार्ड वासी**

नगर परिषद को शीघ्र ही आजाद वार्ड की खुली नालियों में ढक्कन लगाने की आवश्यकता है क्योंकि खुली नालियों से वार्ड में बदबू फैल रही है इसके अलावा संक्रमण फैलने से लोग बीमार भी पड सकते हैं साथ ही खुली नाली से दुर्घटनाए भी हो रही है।

**किरण कश्यप वार्ड वासी महिला**

आजाद वार्ड में नाली निर्माण एस्टीमेट से अधिक निर्माण हो गई है ढक्कन लगाए जाने को लेकर रिवाइज्ड ऐस्टीमेट बनाया गया है आचार संहिता खत्म होने के बाद आजाद वार्ड की संपूर्ण नालियों में ढक्कन लगाए जाएंगे, उक्त प्रकरण स्वीकृति के लिए उच्चाधिकारी के पास जबलपुर भेजा गया है।

**सीएमओ श्याम गोपाल भारती**

### सर्किल प्रभारी के हटते ही, वनरक्षक की बल्ले-बल्ले

## मोहगांव सर्किल में रखरखाव के नाम पर लाखों का भ्रष्टाचार!

**मामला वन परिक्षेत्र पूर्व बैहर का**

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




उत्तर वनमंडल सामान्य अंतर्गत वन परिक्षेत्र पूर्व बैहर में मोहगांव सर्किल में एस.सी.आई. कूपों में रखरखाव के नाम पर लाखों का भ्रष्टाचार करने की जानकारी प्राप्त हो रही हैं। मिली जानकारी अनुसार लोरा बीट गार्ड लोकेश टेंभरे के द्वारा कार्यस्थल पर कार्य न कराकर कागजों में कार्य दर्शाकार लाखों का भ्रष्टाचार किया गया हैं। माह जनवरी, फरवरी, मार्च के दौरान मोहगांव सर्किल में लोरा बीट के अलावा अन्य बीटों में रखरखाव कार्य सम्पन्न किया गया हैं। उसी दौरान सर्किल प्रभारी को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा हटा दिया गया था, उसके बाद दक्षिण लामता में पदस्थ वनरक्षक प्रमोशन के दौरान गजेन्द्र बिसेन मोहगांव सर्किल प्रभारी बनाये गये।

सूत्र बताते हैं कि बीट प्रभारी लोकेश टेंभरे तथा पूर्व बैहर के रेंजर इमरान कुरैशी के द्वारा सांठ-गांठ कर रखरखाव कार्यों में भारी आर्थिक अनियमितताएं बरती गई हैं। रखरखाव कार्य अंतर्गत चेकडेम, ब्रशूट, लेण्टाना उन्मूलन तथा फेंसिंग की मरम्मत किया जाना था किन्तु बीट प्रभारी के द्वारा कागजों में फर्जी तरीके से हजारी दर्शाकर शासन की राशि में अफरा-तफरी की गई हैं।

बड़ी पुरानी कहावत हैं 'खुदा मेहरबान तो गद्दा पहलवान' ऐसा ही कुछ नजारा पूर्व बैहर में देखने को मिल रहा हैं। आर.ओ. इमरान कुरैशी के संरक्षण में बीट गार्ड योजनाओं के नाम पर लाखों की चपत शासन को लगा रहें हैं। वहीं उपवनमंडल अधिकारी साक्ष्यवार के द्वारा कार्यालय में बैठकर भुगतान प्रमाणकों का सत्यापन कर देते हैं।

### सचिव के संरक्षण में जारी हैं घटिया निर्माण कार्य

## चंदपुरी पंचायत में सुदूर सड़क तथा पुलिया निर्माण में 24 लाख की लीपापोती

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





जनपद पंचायत लालबर्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत चंदपुरी में सुदूर सड़क तथा पुलिया निर्माण कार्य के नाम पर सचिव लाकेश खरे तथा सरपंच नरेन्द्र उइके के द्वारा घटिया निर्माण कार्य कर 24 लाख की लीपापोती कर रहें हैं।

सिवनी मेन रोड़ धान खेप के पास से बड़टोला पहुंच मार्ग सुदूर निर्माण कार्य 14 लाख 96 हजार अनुमानित लागत हैं। इस सड़क निर्माण में मुरूम की जगह लाल मिट्टी डालकर राजस्व की खुलेआम चोरी की जा रही हैं तथा उपयंत्री के द्वारा परसेंटेज के चक्कर में मुरूम का टेस्ट नहीं कराया गया हैं तथा उपयंत्री निर्माण स्थल पर कभी नजर नहीं आते, आंख बंद करके कार्यों का मूल्यांकन मोटी रकम लेकर कर रहे हैं। वहीं इसी सड़क पर पाईप पुलिया निर्माण कार्य लगभग 12 लाख रूपये की लागत से किया जा रहा हैं। घटिया किस्म की पुलिया खरीदकर डाली गई हैं तथा सामग्री खरीदी कर आर्थिक अनियमितताएं साधने के ग्रामीणों ने आरोप लगाएं हैं। चंदपुरी के ग्रामीणों ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान बताया कि पुलिया निर्माण तथा सुदूर सड़क निर्माण के अलावा अन्य कार्यों में आर्थिक अनियमितताएं की गई हैं। बड़ी नहर से चिल्लौद सीमा तक नाला पथोपचार में भी अनियमितताएं बरती गई हैं। ग्रामीणों ने जनपद पंचायत लालबर्रा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से उपरोक्त निर्माण कार्यों की जांच की मांग की हैं।

## खबर संक्षेप

### व्यवहार न्यायालय कटंगी में नेशनल लोक अदालत हुई संपन्न

**कटंगी।** शनिवार को व्यवहार न्यायालय कटंगी में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ. जहां शाम तक आपसी राजीनामा योग्य कुल 46 प्रकरणों का निराकरण किया गया. जिसमें 82 लोग लाभान्वित हुए. मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश चंद्र थपलियाल और माननीय न्यायाधीश सुरेंद्र सिंह गुर्जर के निर्देशन में लोक अदालत आयोजित की गई थी. व्यवहार न्यायालय कटंगी में माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री सुधा पाण्डेय और माननीय न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती नेहा ठाकुर की अलग-अलग खंडपीठ में प्रकरणों का निराकरण किया. न्यायालय ने प्रेस नोट जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधा पाण्डेय की न्यायालय में लंबित आपराधिक शमनीय के कुल 12 प्रकरणों का निराकरण हुआ. जिसमें 28 लोग लाभान्वित हुए. एमजेसीआर पारिवारिक विवाद से संबंधित 06 प्रकरणों में 03 प्रकरणों का 17 लाख में आपसी राजीनामा कर निराकरण किया गया जिसमें 14 लोग लाभान्वित हुए।

### 8 सर्विस वोटर्स के वोट डाक मत पत्र के स्ट्रांग रूम में रखे गए

**बालाघाट।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शनिवार को डाक मत पत्र का स्ट्रांग रूम खोला गया। ज्ञात हो कि जिले के नियमित रूप से सर्विस वोटर्स के मत लिफाफे प्राप्त हो रहे है। प्राप्त लिफाफे आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम में रखें जा रहें है। सहायक नोडल अधिकारी पीबी श्री गजेंद्र कठाने ने बताया कि शनिवार को 8 इटीपीबीएस प्राप्त हुए है। बालाघाट जिले में अब तक कुल 872 इटीपीबीएस पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए है। जिन्हें स्ट्रांग रूम में रखें गए।

### पीएम जनमन अंतर्गत समीक्षा बैठक हुई संपन्न

**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा शनिवार को पीएम जनमन अभियान समीक्षा बैठक की गई। बैठक आचार संहिता लागू होने से पूर्व पीएम जनमन के तहत संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी ली गई। विभाग वार सम्बंधित अधिकारियों ने आचार संहिता से पूर्व की स्थिति रखी गई। अब तक जनधन बैंक खाता अंतर्गत जिले में पीएम जनमन अंतर्गत 1652 नवीन खाते खोले गए है, इस प्रकार कुल 7300 खाते खोले जा चुके है। 57 व्यक्तियों के पलायन कर जाने की वजह से खाते नही खुल पाए है। वहीं 31033 व्यक्तियों में से लक्षित 19048 बैगाओं में से 14333 के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके है एवं 4715 कार्ड अब भी शेष है। 1478 बैगा व्यक्तियों के जाति प्रमाण पत्र बनाये गए है व 776 शेष है। जिसमे समग्र आईडी न होने के कारण 46, इकेवायसी न होने के कारण 664 एवं माँ का नाम न होने व अन्य कारणों से 66 के जाति प्रमाण पत्र शेष रह गए है। पूर्व में 28779 जाति प्रमाण पत्र बनाये जा चुके है।

### जिला अपर न्यायाधीश ने प्रशिक्षणार्थियों को बताए आत्मरक्षा के कानूनी प्रावधान

## समर कैम्प में ताइक्वांडो और मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




अतिरिक्त जिला न्यायाधीश भूभाष्कर यादव शनिवार को खेल विभाग और जिला ताइक्वांडो संघ के संयुक्त प्रयासों से आयोजित ताइक्वांडो और मार्शल आर्ट के प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए। एडीजे श्री यादव ने प्रशिक्षुओं को आत्मरक्षा के संबंध में कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। बच्चों के साथ फोटो खिंचवाई। इस अवसर पर बीआरसी बैहर राजकुमार ब्रम्हे, बीआरसी बिरसा नंदकुमार तेकाम, मॉडल स्कूल बैहर के प्राचार्य सुनील कुमार खोब्रागडे, जिला ताइक्वांडो संघ बालाघाट के अध्यक्ष उत्तम सिंह बैस, मप्र ताइक्वांडो संघ के कोच ध्रुव कुमार लोधी, छात्रावास अधीक्षक श्रीमती नीना परिहार एवं चंद्रप्रकाश बारमाटे, डॉ संजीव शर्मा आदि उपस्थित रहे एवं बच्चों को प्रेरणादायक उद्बोधन से सम्बोधित किया। इस अवसर पर जिला ताइक्वांडो संघ बालाघाट द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव श्री परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रीष्म कालीन ताइक्वांडो प्रशिक्षण शिविर 31 मई तक उत्कृष्ट विद्यालय बैहर में लगाया गया है जिसमे छात्र छात्राएं अपना पंजीकरण कराकर निशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है।

## प्रशासन का निकम्मापन ; जान जोखिम में डाल धान तस्करों पर पत्रकार करवा रहें हैं कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



प्राप्त जानकारी अनुसार बालाघाट की गुणवत्ता वाली धान दलालों के द्वारा महाराष्ट्र में बेची जा रही हैं। किसानों की खून पसीने की कमाई धान तस्कर प्रशासन के निकम्मापन के कारण हजम कर रहें हैं और प्रशासन मूक दर्शक तमाशा देख रहा हैं। बालाघाट के लगभग दो दर्जन पत्रकार रतजगा कर जान जोखिम में डाल कर रजेगांव बॉर्डर तथा खैरी बॉर्डर पर आधी रात को पहुंचकर अवैध धान से भरे ट्रकों पर कार्यवाही करवा रहें हैं। दो दिन पूर्व पत्रकारों की टीम बॉर्ड पर पहुंची धान तस्करों में हड़कम्प मचा हुआ हैं। हालांकि यह काम जिला प्रशासन का था किन्तु जिला विपणन अधिकारी तस्करों से सांठगांठ कर कार्य को अंजाम दिया जा रहा हैं। हालांकि धान तस्करी का मामला बालाघाट का पुराना हैं, स्थानीय नेतागिरी के चलते जिला प्रशासन भी तस्करों के आगे घूटने टेक रहें हैं। वहीं पत्रकारों की टीम बॉर्डरों पर पहुंचकर तस्करों पर कार्यवाही करवा रही हैं।

### शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय में मातृत्व दिवस का किया गया आयोजन

**बालाघाट।** शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय बालाघाट में शनिवार को गृह विज्ञान विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ निधि ठाकुर की अध्यक्षता एवं के तत्वाधान में मातृत्व दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ निधि ठाकुर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए मातृत्व दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कर बताया कि आज माँ के सम्मान में मातृ दिवस मनाया जा रहा है 1 माँ वो पहली गुरु होती हैं जो हमें प्यार,और संस्कार देती हैं, हमारी हर परेशानी में हमारा साथ देती हैं ,हमारी खुशियों में सबसे ज्यादा खुश होती हैं। इस खास दिन पर अपनी माँ को धन्यवाद दें। उनके हर त्याग के लिए और उन्हें ये बताएं कि हम उनसे कितना प्यार करते हैं। अपनी मां को याद करके डॉ निधि ठाकुर भावूक भी हो गई और बताया कि सभी अपने मां के प्रति आदर भाव रखें और उन्हें कभी ना भूले। सुश्री प्रीति उइके ने बताया कि सभी अपनी मां के प्रति उनके दुख और तकलीफ को समझ कर स्वयं के साथ किए हुए उनके सराहनीय कार्य को सदैव याद रखें । मातृत्व दिवस के इस शुभ अवसर पर छात्राओं को वीडियो दिखाकर जीवन में मां के महत्व को समझने हेतु प्रेरित किया गया । मां को कौन कितने करीब से जानता है इस हेतु प्रपत्र के माध्यम से छात्राओं एवं प्राध्यापकों से जानकारी एकत्र की गई । इसी के साथ आदरणीय मैडम द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया । श्रीमती तृषा माहुले द्वारा मंच संचालन किया गया । कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा । कार्यक्रम में आइक्यूएसी प्रभारी डॉ स्वाति खोबरागड़े, श्री शैलेंद्र मेश्राम , डॉ सीमा वासनिक ,डॉ अरुण बोरकर, डॉ सुधा साहू, श्री जीवन मसराम की उपस्थिति रही ।

## आईपीएल मैच में सट्टा लगवाते 2 आरोपी गिरफ्तार, 1 फरार

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी थाना क्षेत्र में पुलिस ने आईपीएल मैच में सट्टा लगाने के मामले का खुलासा किया है. पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देकर आईपीएल सट्टा खिलाने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. वहीं इस पूरे मामले में एक आरोपी फरार है. जिसकी पुलिस को तलाश है. पुलिस ने आरोपियों के पास से 1 कार, 02 मोबाईल फोन और कुछ नगदी रकम जब्त की है. कटंगी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आईपीएल सट्टा लगाने के मामले में आरोपी फैजल उर्फ बाबू पिता रफीक मेमन उम्र 27 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 08 सिवनी रोड कटंगी, योगेश उर्फ भूरा पिता देवानंद गौतम उम्र 27 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 05 को गिरफ्तार किया है. वहीं इस प्रकरण में आरोपी राहुल सोनी निवासी सिवनी फरार है. जिसकी तलाश जारी है. पुलिस ने बताया कि आरोपी स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक एमपी 50 जेडबी 9651 में बैठकर लोगों को कम रुपये पैसे में अधिक रुपये पैसों का लालच देकर आईपीएल मैच में ऑनलाइन आईडी के माध्यम से रुपये का लेनदेन कर सट्टा खिला रहे थे. पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर धारा 4 (क) म.प्र.पब्लिक गैंबलिंग एक्ट की कार्रवाई की है. वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी जयंत मर्सकोल्हे, उपनिरीक्षक दीपक गौतम, आरक्षक विमलेश सिसोदिया, नीरज सनोडिया, शिवम बघेल ने इस पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया है।

### परशुराम जयंती पर राहुल गॉधी विचार मंच ने किया महाप्रसाद व शरबत का वितरण



**वारासिवनी।** भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर नगर के ब्राम्हण समाज द्वारा कटंगी मार्ग पर स्थित परसुराम चौक में शाम लगभग 6 बजे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहॉ पर सर्व ब्राम्हण समाज के नागरिकों व अतिथियों द्वारा भगवान परशुराम के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की गई।

इस मौके राहुल गॉधी विचार मंच जिला बालाघाट द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित ब्राम्हण समाज के नागरिकों के लिए महाप्रसादी एवं मीठे पेयजल का वितरण किया गया। जिसमें विधायक विवेक विक्की पटेल, राहुल गॉधी विचार मंच जिलाध्यक्ष जावेद अली, नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष धवल माडल, ब्लॉक कांग्रेस वारासिवनी पूर्व अध्यक्ष जेशराज पारधी, दिनेश मिश्रा, बेरोजगारी प्रकोष्ट जिला अध्यक्ष गोविल चौरे, नगर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल पिपरेवार, पप्पू बिसेन, गगन पारधी, ग्राम पंचायत थानेगॉव सरपंच लक्ष्मीकांत बैस, मीर आबिद अली, राकेश मिश्रा, निहाल मिश्रा, शाहिद भाई, अयान खान, अभितोष दुबे, अल्ताफ कादरी, राजेश कोलते, जग्गू शर्मा, हरिओम सर आदि ने प्रसाद वितरण कार्यक्रम में भाग लिया।

## सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई नेशनल लोक अदालत, कुल 7171 प्रकरणों का हुआ निराकरण

**बालाघाट।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री दिनेश चन्द्र थपलियाल के मार्गदर्शन में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। श्री थपलियाल द्वारा लोक अदालत के लिये समस्त विभागों के अधिकारी, न्यायाधीशगण की बैठक ली जाकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे कर समय-समय पर प्रोत्साहित किया गया एवं निरंतर समीक्षा भी की गई। अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री थपलियाल के कर कमलों से विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटी श्री कालूसिंह बारिया, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री अजय कांत पांडे, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सुरेन्द्र सिंह गुर्जर, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ एवं अन्य न्यायाधीशगण तथा अन्य गणमान्य अतिथिगण की गरिमामय उपस्थिति में किया गया।

नेशनल लोक अदालत में न्यायाधीश श्री थपलियाल द्वारा जिला न्यायालय बालाघाट में लोक अदालत के आयोजन के दौरान भ्रमण कर मौके का अवलोकन किया गया। लोक अदालत में अनेको ऐसे परिवारों को पुनर्वासित किया गया तथा अनेकों पक्षकारों को लाभ देते हुए लंबे समय से चले आ रहे लंबित मामलों का भी बड़ी संख्या में निराकरण कर सफल लोक अदालत आयोजित की गई। साथ ही जिला न्यायालय परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन भी किया गया है जिसमें पक्षकारगण, अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईओं का वितरण किया गया है।

### पेड़ से टकराई कार: एयरबैग खुलने से बची जान, तीन लोग घायल



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** शनिवार सुबह अर्टिगा कार सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई। कार सड़क के नीचे जाकर रुक गई। कार के सामने की हिस्सा डैमेज हो गया है। घटना के बाद वाहन के एयरबेग खुलने से कोई जानहानि तो नहीं हुई, लेकिन बताया जा रहा है कि तीन लोगों को चोटें आईं हैं, जिन्हें जिले के किसी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि उकवा से बालाघाट मार्ग पर रेंज ऑफिस और मजार के बीच कार (एमपी 50 जेडडी 7776) पेड़ से टकाकर सड़क के नीचे जाकर रुक गई। राहगीरों ने तत्काल घटना की सूचना रुपझर थाना पुलिस को दी। घटना की सूचना पर एएसआई जेडी पटले टीम के साथ पहुंचे और गाड़ी में सवार लोगों को बाहर निकालकर उन्हें बालाघाट भिजवाया। गाड़ी के पीछे और आगे क्लास में किसी के विवाह का पम्पलेट लगा था। जिससे लगता है कि कार किसी विवाह समारोह में शामिल होने जा रहा था। कार मलाजखंड की बताई जा रही है।

## नगर परिषद ने जांच दल को सौंपे दस्तावेज : सोमवार से 8 बिंदुओं के आधार पर शुरू होगी जांच

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बालाघाट कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के आदेश के बाद नगर परिषद कटंगी में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में हुई गड़बड़ी की जांच अब धीरे से शुरू होने जा रही है. कलेक्टर ने इस पूरे मामले की जांच के लिए 18 सदस्यों की एक टीम का गठन किया है. इस टीम में जनपद पंचायत कटंगी के अधिकारी और रोजगार सहायक है. टीम का गठन करने के साथ ही कलेक्टर ने नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी और नोडल अधिकारी उपयंत्री को पीएम आवास से जुड़े सत्यापित दस्तावेज जांच दल को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे. नगर परिषद ने यह दस्तावेज जांच दल को गुरुवार की देर शाम तक सौंप दिया है. जांच दल के सदस्यों ने शुक्रवार को इन दस्तावेजों का अवलोकन किया. जांच दल के एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार से मौका स्थल पहुंचकर बिंदुवार जांच की जाएगी।



जैसा कि जांच दल को निर्देशित किया गया है कि वह हितग्राही की पात्रता की जांच, आवासों की स्थिति, स्वीकृत डीपीआर में नाम है या नहीं, स्वीकृत वर्ष, स्वीकृत आवास के दस्तावेज की उपलब्धता, कार्य पूर्ण होने पर जियो टैग किया गया या नहीं, जियो टैग करने में कितना विलंब किया गया और जियो टैग के पश्चात भुगतान में कितना विलंब हुआ. इन बिंदुओं के आधार पर जांच करेगी. पीएम आवास वितरण में नगर परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों ने किस तरह से गड़बड़ घोटाला किया है. इसे और आसानी से समझना हो तो इसका एक छोटा सा नमूना वार्ड क्रमांक 12 में इन दिनों आसानी से देखा जा सकता है. दरअसल, इस सप्ताह राजस्व अमले ने कटंगी शहर के बड़े तालाब की भूमि का अतिक्रमण चिन्हित किया है. राजस्व ने पाया है कि तालाब की पार पर कई मकान बने है. यहां मकान बने है इसमें कोई ताज्जुब की बात नहीं है. ताज्जुब की बात तो यह है कि इनमें कई मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने है. नगर परिषद ने इन आवासों को किन आधारों पर स्वीकृति दी है. इस पर जांच के दौरान पता चलेगा. कलेक्टर ने जिन बिंदुओं के आधार पर जांच के लिए कहा है. उनमें एक बिंदु स्वीकृत आवास के दस्तावेज की उपलब्धता भी है. अब जब जांच होगी तो पता चलेगा कि हितग्राहियों ने कौन से दस्तावेज आवास योजना का लाभ प्रदान करने के लिए दिया है या फिर नगर परिषद ने केवल टैक्स रसीद के आधार पर ही लाभ प्रदान कर दिया. यहां जानना जरूरी है कि एनजीटी के नियमों के तहत तालाब की पार पर किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं किया जा सकता. बावजूद इसके नगर परिषद ने आवासों का निर्माण करवा दिया है।

कथित तौर पर नगर परिषद कटंगी में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घोटाले को वर्ष 2018-19 के तत्कालीन सीएमओ, नोडल अधिकारी उपयंत्री राजेश चौकसे, लिपिक अशोक दुबे लिप्त है. शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को 5 साल से तीसरी किस्त की राशि नहीं मिल पाई है. नगर के प्रत्येक वार्ड में ऐसे हितग्राही मौजूद है. जिन्हें तीसरी किस्त नहीं मिल पाई है. इन हितग्राहियों ने साहूकारों से पैसा और दुकानदारों से सामग्री उधार लेकर अपना मकान पूर्ण करवाया. अब यह हितग्राही उधार की राशि चुका रहे है. जबकि कई हितग्राही आज भी उधार नहीं चुका पाए है केवल ब्याज की राशि ही अदा कर रहे है. खैर, कलेक्टर से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) मामले की जांच के आदेश देने के बाद हितग्राहियों ने राहत की सांस ली है. मगर, हितग्राही तीसरी किस्त के साथ दोषी अधिकारी और कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग भी कर रहे है।

### मशरूम उत्पादन पर प्रशिक्षण 28 मई से प्रारंभ, स्पीड पोस्ट, रजिस्टर्ड डॉक एवं स्वयं द्वारा भेजे गए ही आवेदन होंगे स्वीकृत

**बालाघाट।** कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम 2024-25 अंतर्गत राणा हनुमान सिंह कृषि विज्ञान केंद्र बड़गांव में मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित किये गए है। आवेदन 15 मई तक अंतिम रूम से किये जा सकते है। जिसके लिए न्यूनतम योग्यता 10 वी पास अनिवार्य की गई है। वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रमुख डॉ. आरएल राउत से प्राप्त जानकारी अनुसार मशरूम उत्पादन पर व्यवसाय करने के इच्छुक कृषक, बेरोजगार युवक-युवतियां एवं छात्र/छात्राएं इस प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रशिक्षण के दौरान आवास एवं भोजन व्यवस्था प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा की जायेगी। उम्मीदवार आवेदन के साथ 10 वीं अंकसूची, बैंक पासबुक, मोबाईल नम्बर एवं पासपोर्ट साईज की फोटो की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करे। आवेदन प्राप्त उम्मीदवारों का चयन प्रथम आओ प्रथम पाओं के आधार पर किया जायेगा। कार्यालय, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, कृषि विज्ञान केन्द्र, बड़गांव, पोष्ट पाला, तहसील किरनापुर, जिला बालाघाट चयनित उम्मीदवारों को 25 मई तक मोबाईल नम्बर द्वारा सूचित किया जायेगा। प्रशिक्षण संबंधी अधिक जानकारी के लिए 9893995746 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

SATPUDA ENGINEERING COLLEGE
Approved by AICTE, New Delhi, Affilited by RGPV Bhopal & DTE MP
4 Year Degree
B.Tech. & Polytechnic
3 Year Diploma
COMPUTER SCIENCE ENGG.|
MINNING | CIVIL | MECHANICAL | ELECTRICAL
Lalburra Road Garra, Balaghat Mob. 6262604111, 9425836824,
www.satpudaengineeringcollege.com